# 2022

## HINDI

Paper : HIN–HC–6016

( हिन्दी की साहित्यिक पत्रकारिता )

( Honours Core )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) पत्रकारिता की कोई एक परिभाषा दीजिए।

(ख) साहित्यिक तथा गैर-साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं में निहित एक अंतर लिखिए।

(ग) 'हिन्दी प्रदीप' निम्नलिखित में से किस प्रकार की पत्रिका है?

दैनिक ; मासिक ; वार्षिक

(घ) महावीर प्रसाद द्विवेदी के सम्पादकत्व में प्रकाशित पत्रिका का नाम क्या है?

(ङ) पत्रकारिता का मूल लक्ष्य क्या है?

(च) 'समकालीन साहित्यिक पत्रकारिता' का क्या अर्थ है?

(छ) छायावाद-युगीन किसी एक साहित्यिक पत्रिका का नाम लिखिए।

(ज) साहित्यिक पत्रकार के किसी एक गुण का उल्लेख कीजिए।

(झ) 'समालोचना' पत्रिका के प्रथम सम्पादक कौन थे?

(ञ) पुस्तकों की साहित्यिक आलोचना का सूत्रपात किस पत्रिका के माध्यम से प्रारंभ हुआ था?

(ट) 'हिन्दी प्रदीप' का प्रथम प्रकाशन-काल क्या था?

(ठ) 'आनंद कादम्बिनी' के प्रथम सम्पादक कौन थे?

(ड) 'साप्ताहिक दिनमान' के प्रथम सम्पादक का नाम लिखिए।

(ढ) 'प्रतीक' पत्रिका का प्रकाशन निम्नलिखित में से किस युग के भीतर हुआ था?

छायावाद ; हालावाद ; प्रयोगवाद

(ण) आपकी दृष्टि से समकालीन साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं में से किसी एक श्रेष्ठ पत्र-पत्रिका का नामोल्लेख कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $2\times5=10$

(क) साहित्यिक पत्रकारिता की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(ख) 'बंगवासी' पत्रिका को 'भाषा गढ़ने की टकसाल' क्यों कहा गया था?

(ग) अंग्रेज सरकार के कलेक्टर ने शिक्षा-विभाग के लिए 'कविवचन सुधा' पत्रिका की खरीद पर क्यों रोक लगाई थी? कोई दो कारण लिखिए।

(घ) मासिक पत्रिका 'समालोचक' की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ङ) प्रतापनारायण मिश्र तथा अम्बिकादत्त व्यास द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं के नाम लिखिए।

(च) साहित्यिक पत्रकारिता में 'न छोड़ो तथा न जोड़ो' नियम का क्या तात्पर्य है?

(छ) 'जनसत्ता' पत्र का सामान्य परिचय दीजिए।

(ज) साहित्यिक पत्रकारिता के महत्त्व के संदर्भ में किन्हीं दो बातों का उल्लेख कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर संक्षेप में दीजिए : $5 \times 4 = 20$

(क) भारतेन्दुयुगीन हिन्दी पत्रकारिता के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'सरस्वती' का ऐतिहासिक महत्त्व क्या है, स्पष्ट कीजिए।

(ग) साहित्यिक पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रेमचंद की भूमिका को रेखांकित कीजिए।

(घ) भारतेन्दुयुगीन हिन्दी पत्रकारों के लक्ष्य क्या-क्या थे? क्या वे उसमें सफल रहे थे? स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'धर्मयुग' पत्रिका की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(च) 'कविवचन सुधा' के महत्त्व पर एक टिप्पणी लिखिए।

(छ) स्वातंत्र्योत्तर-कालीन कौन-सी हिन्दी पत्रिका आपको अच्छी लगती है? तर्क दीजिए।

(ज) "महावीर प्रसाद द्विवेदी जी साहित्यिक भी थे, पत्रकार भी, उन्होंने पत्रिका के माध्यम से साहित्यिक गतिविधियों का नियंत्रण-निर्देशन किया था।" प्रस्तुत उक्ति के पक्ष में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) समकालीन साहित्यिक पत्रकारिता के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(ख) स्वातंत्र्योत्तर साहित्यिक पत्रकारिता की प्रमुख प्रवृत्तियों को रेखांकित कीजिए।

(ग) भारतेन्दुयुगीन पत्र-पत्रिकाओं की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

(घ) साहित्यिक पत्रकारिता के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ङ) समकालीन हिन्दी की प्रमुख साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं का परिचय दीजिए।

(च) द्विवेदीयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता के सामने उपस्थित समस्याएँ क्या-क्या थीं, स्पष्ट कीजिए।

(छ) स्वतंत्रता के पश्चात् लगभग 30 सालों तक प्रकाशित 'साहित्य संदेश' के वैशिष्ट्यों पर प्रकाश डालिए।

(ज) भारतेन्दु को क्या हिन्दी की साहित्यिक पत्रकारिता के क्षेत्र का अग्रदूत कहा जा सकता है? पक्ष अथवा विपक्ष में अपनी राय दीजिए।

(झ) "स्वातंत्र्योत्तर साहित्यिक पत्रकारिता के नाम पर कुछ यशोकांक्षी पत्रकार-साहित्यिक एक-दूसरे पर कीचड़ उछालने में व्यस्त हैं।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं? सतर्क उत्तर दीजिए।

(ञ) साहित्यिक पत्रकारिता के क्षेत्र में सम्पादक की क्या-क्या भूमिकाएँ होती हैं, स्पष्ट कीजिए।

★★★

**2022**

# HINDI

Paper : HIN–HE–6026

( प्रेमचंद का साहित्य )

( Honours Elective )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) प्रेमचंद का जन्म किस ईस्वी में हुआ था?

(ख) प्रेमचंद का वास्तविक नाम क्या था?

(ग) काशी में प्रेमचंद ने कौन-से प्रेस की स्थापना की थी?

(घ) प्रेमचंद के अपूर्ण उपन्यास का नाम क्या है?

(ङ) 'सेवासदन' उपन्यास उर्दू में किस नाम से जाना जाता था?

(च) मूल रूप से हिन्दी में लिखित प्रेमचंद का पहला उपन्यास कौन-सा है?

(छ) प्रेमचंद की कहानियाँ किस नाम से आठ भागों में संकलित हैं?

(ज) 'सेवासदन' उपन्यास का प्रकाशन-काल क्या है?

(झ) 'कर्बला' नाटक किस ईस्वी की रचना है?

(ञ) प्रेमचंद का देहावसान किस ईस्वी को हुआ था?

(ट) प्रेमचंद के अनुसार साहित्य की सर्वोत्तम परिभाषा क्या है?

(ठ) "भाषा साधन है, ______ नहीं।"

'साहित्य का उद्देश्य' निबंध के आधार पर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(ड) प्रेमचंद के अनुसार हिन्दी और उर्दू के आरंभिक साहित्य का उद्देश्य क्या था?

(ढ) "मुझे जन्नत से जागीरें ज्यादा प्यारी हैं।" यह कथन किसका है?

(ण) प्रेमचंद के बारे में उनकी पत्नी द्वारा लिखित पुस्तक का नाम क्या है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) प्रेमचंद के पिता और माता के नाम बताइए।

(ख) 'कर्बला' नाटक से भिन्न प्रेमचंद विरचित अन्य दो नाटक क्या-क्या हैं?

(ग) 'साहित्य का उद्देश्य' निबंध मूलतः प्रेमचंद द्वारा कब और किस साहित्यिक संस्था के अधिवेशन में दिया गया अध्यक्षीय भाषण है?

(घ) प्रेमचंद द्वारा सम्पादित किन्हीं दो पत्र/पत्रिकाओं के नाम लिखिए।

(ङ) "यह आवाज वायु-मंडल को चीरती हुई हिजाज़, यमन, इराक़, मक्का-मदीना में गूँज रही है।" यह कथन किसका और किसके प्रति है?

(च) प्रेमचंद के अनुसार साहित्य में प्रभाव उत्पन्न करने के लिए उसका कैसा होना आवश्यक है?

(छ) दारोगा कृष्णचंद्र के छोटे-से परिवार में कौन-कौन थे?

(ज) "सहना आया है। लाओ, जो रुपये रखे हैं उसे दे दूँ। किसी तरह गला तो छूटे।" किसने किसके प्रति ऐसा कहा है?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) "हमारी भाषा के 'पायनियरों' ने—रास्ता साफ करने वालों ने—हिन्दुस्तानी भाषा का निर्माण करके जाति पर जो एहसान किया है, उसके लिए हम उनके कृतज्ञ न हों तो यह हमारी कृतघ्नता होगी।" यह किस रचना की गद्य-पंक्ति है? इसका आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) पाठ्यक्रम में सन्निविष्ट कहानियों से भिन्न प्रेमचंद विरचित किन्हीं पाँच कहानियों का नामोल्लेख करते हुए उनके कहानी-साहित्य पर एक टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

(ग) 'कर्बला' नाटक के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(घ) यज़ीद की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ङ) 'कर्बला' नाटक की भाषा-शैली पर एक टिप्पणी लिखिए।

(च) 'ईदगाह' कहानी के आधार पर हामिद का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(छ) 'पंच परमेश्वर' कहानी के जरिए कहानीकार ने क्या कहना चाहा है?

(ज) 'सेवासदन' उपन्यास के नामकरण की सार्थकता पर चर्चा कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) मुंशी प्रेमचंद के उपन्यास-साहित्य पर आलोकपात कीजिए।

(ख) निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"साहित्य उसी रचना को कहेंगे, जिसमें कोई सच्चाई प्रकट की गई हो, जिसकी भाषा प्रौढ़, परिमार्जित और सुंदर हो, और जिसमें दिल और दिमाग पर असर डालने का गुण हो और साहित्य में यह गुण पूर्ण रूप में उसी अवस्था में उत्पन्न होता है, जब उसमें जीवन की सचाइयाँ और अनुभूतियाँ व्यक्त की गई हों।"

(ग) पठित निबंध के आधार पर साहित्य के उद्देश्य संबंधी प्रेमचंद के विचारों को प्रस्तुत कीजिए।

(घ) 'कर्बला' नाटक की कथावस्तु की समीक्षा कीजिए।

(ङ) हुसैन की चारित्रिक विशेषताओं का खुलासा कीजिए।

(च) पठित उपन्यास के आधार पर सुमन के जीवन-संघर्ष पर प्रकाश डालिए।

(छ) निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"साहसी पुरुष को कोई सहारा नहीं होता तो वह चोरी करता है, कायर पुरुष का कोई सहारा नहीं होता तो वह भीख माँगता है, लेकिन स्त्री को कोई सहारा नहीं होता तो वह लज्जाहीन हो जाती है। युवती का घर से निकलना मुँह से बात निकलना है।"

(ज) 'दो बैलों की कथा' शीर्षक कहानी में चित्रित पशु एवं मानव के संबंध के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(झ) कहानी-कला की दृष्टि से 'शतरंज के खिलाड़ी' की समीक्षा कीजिए।

(ञ) 'कलम के सिपाही' मुंशी प्रेमचंद की लोकप्रियता के कारणों का खुलासा कीजिए।

★★★

# 2022

## HINDI

Paper : HIN–RE–6016/6026/6036

( Regular Elective )

Paper : HIN–RE–6016

( छायावाद )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दस** के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने 'छायावाद' शब्द को किस शब्द का हिन्दी अनुवाद माना है?

(ख) महाकवि जयशंकर प्रसाद का जन्म किस ईस्वी में हुआ था?

(ग) "ले चल वहाँ भुलावा देकर, मेरे नाविक! धीरे-धीरे।" प्रस्तुत काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त 'नाविक' शब्द किसका सूचक है?

(घ) सुमित्रानंदन पंत का देहावसान किस ईस्वी में हुआ?

(ङ) "छायावाद स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह है।" छायावाद के संबंध में उक्त परिभाषा किस विद्वान की है?

(च) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' का जन्म कहाँ हुआ था?

(छ) "स्नेह-स्वप्न-मग्न-______ तनु तरुणी।" उक्त काव्य-पंक्ति में संकेतित रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(ज) 'गुंजन' काव्य-ग्रंथ का प्रकाशन-वर्ष क्या है?

(झ) "अब नहीं आती पुलिन पर प्रियतमा" —प्रस्तुत पंक्ति में प्रयुक्त 'पुलिन' शब्द का अर्थ क्या है?

(ञ) सर्वप्रथम किस पत्रिका में कविवर 'निराला' की रचनाएँ प्रकाशित होने लगी थीं?

(ट) "यह मंदिर का दीप इसे नीरव जलने दो।" उक्त काव्य-पंक्ति में उल्लिखित 'दीप' किसका प्रतीक है?

(ठ) "मधुसरिता-सी यह तरल हँसी" —यहाँ कौन-सा अलंकार प्रयुक्त हुआ है?

(ड) 'झरना' किसकी काव्य-रचना है?

(ढ) "शून्य से बन जाओ गम्भीर
त्याग की हो जाओ झंकार"
—किस पठित कविता से ये पंक्तियाँ उद्धृत की गयी हैं?

(ण) निर्धारित पाठ्यपुस्तक के सम्पादक का नामोल्लेख कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) छायावादी काव्यधारा की किन्हीं दो भावपक्षीय विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) 'ले चल वहाँ भुलावा देकर' शीर्षक गीत की रचना कविवर प्रसाद ने कब और कहाँ की थी?

(ग) कविवर 'निराला' की लोकप्रियता के किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए।

(घ) 'मौन-निमंत्रण' शीर्षक कविता की कोई दो भावपक्षीय विशेषताएँ बताइए।

(ङ) कवयित्री ने अपने जीवन से 'नयनों का उन्मीलन' करने को क्यों कहा है?

(च) 'हे लाज भरे सौन्दर्य बता दो' शीर्षक गीत की किन्हीं दो कलापक्षीय विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(छ) छायावादी काव्यधारा का सीमांकन कीजिए।

(ज) 'जूही की कली' शीर्षक कविता की किन्हीं दो भाषा-शैलीगत विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'हे लाज भरे सौन्दर्य बता दो' शीर्षक गीत में निहित मूल भाव पर प्रकाश डालिए।

(ख) महाकवि जयशंकर प्रसाद की काव्य-भाषा पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ग) 'स्नेह निर्झर' शीर्षक कविता में अपने जीवन की स्नेहहीनता का कवि ने प्रतीकों के माध्यम से किस प्रकार चित्रण किया है?

(घ) जिस गम्भीर मधुर छाया में—
विश्व चित्र-पट चल माया में—
विभुता विभु-सी पड़े दिखाई,
दुख-सुख वाली सत्य बनी रे।

प्रस्तुत काव्य-पंक्तियों का सप्रसंग आशय स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'द्रुत झरो' कविता के जरिए कवि ने क्या कहना चाहा है?

(च) दिवसावसान का समय,
मेघमय आसमान से उतर रही है
वह संध्या-सुंदरी परी-सी
धीरे-धीरे-धीरे।

प्रस्तुत काव्य-पंक्तियों में निहित कलापक्षीय सौन्दर्य का खुलासा कीजिए।

(छ) पठित कविता में वर्णित वासंती रात्रि के मनोवैज्ञानिक सौन्दर्य-चित्रण को अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।

(ज) निराला-काव्य की किन्हीं दो भावपक्षीय विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क)
अलसता की-सी लता
किन्तु कोमलता की वह कली
सखी नीरवता के कन्धे पर डाले बाँह,
छाँह-सी अम्बर-पथ से चली।
नहीं बजती उसके हाथों में कोई वीणा,
नहीं होता कोई अनुराग-राग-आलाप,
नूपुरों में भी रुनझुन-रुनझुन नहीं,
सिर्फ एक अव्यक्त शब्द-सा 'चुप, चुप, चुप'

प्रस्तुत पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

(ख) छायावादी काव्यधारा को बाबू जयशंकर प्रसाद की देन पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।

(ग) 'जूही की कली' शीर्षक कविता के मूल प्रतिपाद्य की समीक्षा कीजिए।

(घ) 'अरुण यह मधुमय देश हमारा' शीर्षक गीत की भावपक्षीय एवं कलापक्षीय विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ङ)
स्वर्ण, सुख, श्री, सौरभ में भोर
विश्व को देती है जब बोर,
विहग-कुल की कल-कंठ हिलोर
मिला देती भू-नभ के छोर,
न जाने, अलस पलक-दल कौन
खोल देता तब मेरे मौन?

प्रस्तुत पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

(च) छायावादी काव्यधारा में महाप्राण 'निराला' का स्थान निर्धारित कीजिए।

(छ) "पठित कविता में कवि ने ग्रामवासिनी भारतमाता की तत्कालीन दुर्दशा का यथार्थ चित्रण कर उसकी खोयी हुई प्रतिष्ठा की पुनः प्राप्ति के प्रति आशा का स्वर उद्घोषित किया है।" प्रस्तुत टिप्पणी की पुष्टि कीजिए।

(ज) 'मंदिर का दीप' शीर्षक कविता के आधार पर कवयित्री महादेवी वर्मा की रहस्यवादी चेतना को अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।

(झ) छायावादी कवि के रूप में जयशंकर प्रसाद के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ञ) कवयित्री महादेवी वर्मा की कविताओं में निहित प्रमुख छायावादी प्रवृत्तियों पर आलोकपात कीजिए।

Paper : HIN–RE–6026

( प्रेमचंद )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) प्रेमचंद का जन्म कहाँ हुआ था?

(ख) प्रेमचंद द्वारा सम्पादित किन्हीं दो पत्रिकाओं के नाम लिखिए।

(ग) 'सेवासदन' से भिन्न प्रेमचंद के अन्य एक उपन्यास का नाम बताइए।

(घ) प्रेमचंद के किन्हीं दो कहानी-संग्रहों के नाम लिखिए।

(ङ) 'सेवासदन' का प्रकाशन कब हुआ था?

(च) 'प्रगतिशील लेखक संघ' का पहला अधिवेशन कहाँ हुआ था?

(छ) 'साहित्य का उद्देश्य' निबंध में प्रेमचंद जी ने साहित्य की क्या परिभाषा दी है?

(ज) 'पूस की रात' कहानी में वर्णित कुत्ते का नाम क्या है?

(झ) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी में उल्लिखित शतरंज के दो खिलाड़ी कौन हैं?

(ञ) हामिद ने ईदगाह के मेले से क्या खरीदा था?

(ट) लखनऊ के नवाब कौन हैं?

(ठ) समझू साहू किस कहानी का पात्र है?

(ड) पठित कौन-सी कहानी बाल-मनोविज्ञान पर आधारित है?

(ढ) मोहसिन नामक पात्र किस कहानी का है?

(ण) 'दो बैलों की कथा' नामक कहानी के दोनों बैलों का नामोल्लेख कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) दारोगा कृष्ण चंद्र की दोनों बेटियों के नाम लिखिए।

(ख) 'सेवासदन' उपन्यास की लोकप्रियता के कोई दो कारण बताइए।

(ग) गजाधर के चरित्र की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(घ) 'साहित्य का उद्देश्य' प्रेमचंद द्वारा कहाँ और कब दिए गए भाषण का निबंध-रूप है?

(ङ) "भाषा साधन है, साध्य नहीं।" प्रेमचंद के इस कथन में निहित आशय को स्पष्ट कीजिए।

(च) "दोनों खेत की दशा देख रहे थे। मुन्नी के मुँह पर उदासी छायी हुई थी, पर हल्कू प्रसन्न था।" हल्कू क्यों प्रसन्न था? स्पष्ट कीजिए।

(छ) हामिद ने मेले में खरीदे गये सामान के बारे में अपने मित्रों से क्या कहा था?

(ज) जुम्मन शेख और अलगु चौधरी के आपस की मित्रता क्यों टूट जाती है?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) प्रेमचंद का संक्षिप्त साहित्यिक परिचय दीजिए।

(ख) कहानीकार के रूप में प्रेमचंद का मूल्यांकन कीजिए।

(ग) सुमन के चरित्र की कोई पाँच विशेषताएँ लिखिए।

(घ) विट्ठलदास का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ङ) साहित्यशास्त्र और नीतिशास्त्र में क्या सम्पर्क है? 'साहित्य का उद्देश्य' नामक निबंध के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(च) 'साहित्य का उद्देश्य' निबंध में व्यक्त प्रेमचंद के भाषा-संबंधी विचारों का उल्लेख कीजिए।

(छ) 'पूस की रात' कहानी की विशेषताएँ लिखिए।

(ज) 'पंच परमेश्वर' कहानी के नामकरण पर चर्चा कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"वसंत समीर और ग्रीष्म की लू में कितना अंतर है। एक सुखद और प्राण पोषक दूसरी अग्निमयी और विनाशिनी। प्रेम वसंत समीर है, द्वेष ग्रीष्म की लू। जिस पुष्प को वसंत समीर महीनों में खिलाती है, उसे लू का एक झोंका जलाकर राख कर देता है।"

(ख) "इतने दिनों तक त्याग का आनंद उठाने के बाद बुढ़ापे में यह कलंक! पर मन कहता था, इसमें तुम्हारा क्या अपराध? तुमने जब तक निभा सका निबाहा। भोग-विलास के पीछे अधर्म नहीं किया, लेकिन जब देश, काल, प्रथा और अपने बंधुओं का लोभ तुम्हें कुमार्ग की ओर ले जा रहा है तो तुम्हारा क्या दोष? तुम्हारी आत्मा अब भी पवित्र है।" यह कथन किनका है? किस परिस्थिति में उन्हें ऐसा कहना पड़ा है? कथन का आशय बताइए।

(ग) "मैं कहती हूँ, तुम क्यों नहीं खेती छोड़ देते? मर-मर कर काम करो, उपज हो तो बाकी दे दो, चलो छुट्टी हुई। बाकी चुकाने के लिए ही तो हमारा जन्म हुआ है। पेट के लिए मजूरी करो। ऐसी खेती से बाज आये।" किसने, किससे और क्यों ऐसा कहा है? पूरी स्थिति का खुलासा कीजिए।

(घ) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"अपने उत्तरदायित्व का ज्ञान बहुधा हमारा संकुचित व्यवहारों का सुधारक होता है। जब हम राह भूलकर भटकते हैं, तब यही ज्ञान हमारा विश्वसनीय पथ-प्रदर्शक बन जाता है।"

(ङ) 'सेवासदन' उपन्यास के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(च) 'सेवासदन' उपन्यास में उठायी गयी समस्याओं पर सम्यक् विवेचन कीजिए।

(छ) 'साहित्य का उद्देश्य' निबंध के आधार पर साहित्य के मूलभूत उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(ज) 'साहित्य का उद्देश्य' निबंध के आधार पर पूर्व-प्रेमचंदयुगीन साहित्य का परिचय दीजिए।

(झ) कहानी के तत्त्वों के आधार पर 'ईदगाह' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(ञ) 'दो बैलों की कथा' शीर्षक कहानी के उद्देश्य को रेखांकित कीजिए।

Paper : HIN–RE–6036

( विश्व में हिन्दी एवं प्रवासी हिन्दी साहित्य )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'विश्व हिन्दी दिवस' किस तारीख को मनाया जाता है?

(ख) प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन भारतवर्ष के किस शहर में आयोजित हुआ था?

(ग) प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की थी?

(घ) विश्व हिन्दी सचिवालय किस देश में स्थित है?

(ङ) नवम विश्व हिन्दी सम्मेलन किस देश में अनुष्ठित हुआ था?

(च) अंग्रेजी-हिन्दी शब्दकोश के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रस्तुतकर्ता फादर कामिल बुल्के किस देश के निवासी थे?

(छ) प्रमुख प्रवासी हिन्दी साहित्यकार अभिमन्यु अनत का जन्म किस ईस्वी को हुआ था?

(ज) मॉरीशस के हिन्दी जगत् में कौन 'उपन्यास सम्राट्' के रूप में प्रसिद्ध हैं?

(झ) 'लाल पसीना' उपन्यास का प्रकाशन-वर्ष क्या है?

(ञ) "एक मर्द को मुसीबत में दो ही कंधे काम आते हैं मीर...!" यह कथन किसका है?

(ट) रीटा और कार्ल किस कहानी के पात्र हैं?

(ठ) कोख का किराया कितना रहा?

(ड) किस स्वतंत्र विदेश के संविधान में हिन्दी (हिन्दुस्तानी) भाषा को मान्यता प्राप्त है?

(ढ) 'लाल पसीना' उपन्यास कितने भागों में विभाजित है?

(ण) "अतीत की एक-एक ईंट जुड़ती हैं तब कहीं जाकर बनता है वर्तमान!" यह पंक्ति किस कहानी की है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन किस ईस्वी को और किस तारीख से किस तारीख तक अनुष्ठित हुआ था?

(ख) पाश्चात्य हिन्दी-सेवी गार्सा द तासी और डॉ० जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन मूलतः किन देशों के निवासी थे?

(ग) 'विश्व हिन्दी पत्रिका' का मूल कार्य क्या है?

(घ) 'लाल पसीना' उपन्यास की दो अन्य कड़ियाँ (उपन्यास के रूप में) क्या-क्या हैं?

(ङ) जेफ़ का परिचय दीजिए।

(च) एक प्रमुख प्रवासी हिन्दी साहित्यकार के रूप में अभिमन्यु अनत के महत्त्व के कोई दो कारण बताइए।

(छ) "दो तरह की चीनी होती है, एक बहुत ही मीठी जो गोरे जमींदारों के लिए विशेष होती है और दूसरी पनछोछा और तीखी जिसमें कुलियों का खून और पसीना मिल जाता है।" किसने, किससे ऐसा कहा है?

(ज) बीफी डेविड की कोई दो चारित्रिक विशेषताएँ बताइए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) विश्व हिन्दी सम्मेलनों के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(ख) प्रवासी हिन्दी साहित्य के अध्ययन की आवश्यकता को रेखांकित कीजिए।

(ग) 'हिन्दी का वैश्वीकरण' विषय पर एक टिप्पणी लिखिए।

(घ) नोबेल पुरस्कार विजेता ज्याँ मेरी गुस्ताव लेक्लेज़ियो ने 'लाल पसीना' उपन्यास पर कैसी टिप्पणी की है?

(ङ) 'लाल पसीना' उपन्यास के नामकरण की सार्थकता पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

(च) गैरी की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(छ) 'कोख का किराया' कहानी के माध्यम से कहानीकार तेजेन्द्र शर्मा ने क्या कहना चाहा है?

(ज) "शायद हर भारतीय का यही तरीका है। वे या तो अपने चौखाने पार नहीं करते, या हजारों चौखाने पार करते हुए अपने चौखाने पर वापस लौट आते हैं। शायद इसीलिए दुनिया में कहीं भी रहें, चौखानों की भीड़ में वे खोते नहीं।" इस टिप्पणी के संदर्भ एवं आशय स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) विश्व फलक पर हिन्दी की स्थिति के बारे में चर्चा कीजिए।

(ख) विदेशों में हिन्दी की लोकप्रियता के कारणों पर प्रकाश डालिए।

(ग) प्रवासी भारतीयों की अस्मिता को नयी पहचान देने में 'लाल पसीना' उपन्यास कहाँ तक सफल हुआ है? सटीक चर्चा कीजिए।

(घ) "'लाल पसीना' उस इतिहास का दावा नहीं करता। यह इसलिए भी इतिहास नहीं क्योंकि शासक, राजनेता, राज्यपाल और इस तरह की अन्य हस्तियाँ इसमें पात्र नहीं हैं... इसके पात्र वे हैं जो इतिहास की चक्की में पिसकर रह जाते हैं।" उपन्यासकार अभिमन्यु अनत की इस स्वीकारोक्ति पर विचार कीजिए।

(ङ) 'लाल पसीना' उपन्यास की लोकप्रियता के कारणों को रेखांकित कीजिए।

(च) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"हमारे अपने लोगों ने इस देश के जंगल को काटकर इसे हरे-भरे खेतों में परिवर्तित किया, लेकिन इसके बावजूद यह एक भयानक जंगल है। यहाँ आज भी जंगल का कानून है। दबोचकर चबा जाने का कानून। अगर ऐसा ही रहा तो इस देश में मेहनतकश मजदूरों के पंजर ही होंगे जो चलते-फिरते दिखाई पड़ेंगे।"

(छ) भाषा-शैली की दृष्टि से 'लाल पसीना' उपन्यास की सोदाहरण समीक्षा कीजिए।

(ज) मनप्रीत (मैनी, प्रीतो) की चारित्रिक विशेषताओं का खुलासा कीजिए।

(झ) "एकाएक बिस्तर से उठती है सीमा और भीतर से कमरे की साँकल चढ़ा देती है।" उन परिस्थितियों का वर्णन कीजिए, जिनके कारण सीमा को अपने कमरे की साँकल चढ़ा देनी पड़ती है।

(ञ) कहानी-कला की दृष्टि से पूर्णिमा बर्मन की कहानी 'यों ही चलते हुए' की समीक्षा कीजिए।

★★★

**2022**

# HINDI

Paper : HIN–HE–6036

( हिन्दी का वैश्विक परिदृश्य एवं प्रवासी हिन्दी साहित्य )

( Honours Elective )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) पहला 'विश्व हिन्दी सम्मेलन' किस ईस्वी में आयोजित किया गया था?

(ख) अब तक कितने 'विश्व हिन्दी सम्मेलन' भारत में आयोजित हुए हैं?

(ग) किस 'विश्व हिन्दी सम्मेलन' में हिन्दी को संयुक्त राष्ट्रसंघ की आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता देने का प्रस्ताव पारित किया गया था?

(घ) भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस विश्व हिन्दी सम्मेलन का उदघाटन किया था?

(ङ) 'लाल पसीना' उपन्यास का केन्द्रीय पात्र कौन है?

(च) नीमा किस कहानी का पात्र है?

(छ) पुदीने की मिर्ची वाली चटनी किसे याद आ रही थी?

(ज) जया ने अपने बच्चे का नाम क्या रखा?

(झ) 'साँकल' कहानी का पात्र समीर घर में किससे डरता था?

(ञ) "माँ, जब पापा आपको नहीं ले जाते तो आप खुद जाना शुरू कीजिए।" किसने कहा?

(ट) मनजीत के मन में कौन-सी इच्छा बलवती हो रही थी?

(ठ) मनविंदर किस कला में माहिर थी?

(ड) नीरा क्यों सीमा का कम्प्यूटर यूज करती थी?

(ढ) बच्चा जनने के लिए सीमा कहाँ भेज दी गई थी?

(ण) "नहीं ओए, स्वर्ग में काले पानी की सजा है।" यह कथन किसका है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) पहले 'विश्व हिन्दी सम्मेलन' का उद्घाटन किसने किया था और उसमें मुख्य अतिथि के रूप में किसने भाग लिया था?

(ख) 'लाल पसीना' उपन्यास का प्रकाशन-वर्ष क्या है तथा यह किस देश की पृष्ठभूमि पर लिखा गया है?

(ग) 'लाल पसीना' से भिन्न अभिमन्यु अनत द्वारा रचित दो अन्य उपन्यासों का नामोल्लेख कीजिए।

(घ) गैरी और मनप्रीत की अपनी संतानों के नाम बताइए।

(ङ) 'कोख का किराया' कहानी में नायक और नायिका के रूप में किनको चित्रित किया गया है?

(च) मनंजीत और मनविंदर में किस बात को लेकर अनबन हो गयी थी?

(छ) मार्क मक्लीन और उसकी पत्नी क्या-क्या काम करते थे?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) ''हिन्दी को विश्व स्तर में कामयाबी हासिल करने के लिए संचार-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अंग्रेजी का मुकाबला करना होगा।'' इस कथन की पुष्टि कीजिए।

(ख) विश्व-भर में हिन्दी को बढ़ावा देने में विश्व हिन्दी सम्मेलनों की भूमिका पर आलोकपात कीजिए।

(ग) 'संयुक्त राष्ट्रसंघ' में मान्यता प्राप्त करने की दौड़ में हिन्दी की वर्तमान स्थिति पर टिप्पणी कीजिए।

(घ) भूमंडलीकरण के युग में विश्व-वाणिज्य-क्षेत्र में हिन्दी के योगदान पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ङ) अभिमन्यु अनत का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(च) प्रवासी हिन्दी साहित्य में प्रवासी मजदूरों की प्रमुख समस्याओं के चित्रण पर एक टिप्पणी लिखिए।

(छ) 'कोख का किराया' कहानी में वर्णित आधुनिक समाज की किन्हीं दो समस्याओं पर विचार प्रकट कीजिए।

(ज) 'यों ही चलते हुए' कहानी की विषय-वस्तु पर प्रकाश डालिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) विश्व फलक पर हिन्दी की वर्तमान स्थिति पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।

(ख) वैश्वीकरण के दौर में हिन्दी की चुनौतियों पर सम्यक् विवेचन कीजिए।

(ग) विदेशों में हिन्दी की बढ़ती लोकप्रियता के कारणों पर आलोकपात कीजिए।

(घ) भूमंडलीकरण हिन्दी के लिए खतरा पैदा कर रहा है या प्रचार-प्रसार का राह आसान कर रहा है? विवेचन कीजिए।

(ङ) नामकरण की सार्थकता की दृष्टि से 'लाल पसीना' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

(च) "अभिमन्यु अनत ने 'लाल पसीना' उपन्यास में मॉरिशस की समृद्ध भूमि पर जिन विविध प्रदेशों से रोजी-रोटी कमाने की तीव्र इच्छा से अपनी मातृभूमि को त्यागकर चले आए थे उन समग्र लोगों की कथा-व्यथा की दर्दनाक कहानी वर्णित की है।" उक्त कथन की पुष्टि कीजिए।

(छ) अभिमन्यु अनत कृत 'लाल पसीना' उपन्यास में अभिव्यक्त विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

(ज) वर्तमान संदर्भ में 'कोख का किराया' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(झ) ज़किया जुबैरी रचित 'साँकल' कहानी की कथावस्तु की समीक्षा कीजिए।

(ञ) सुधा ओम ढींगरा कृत 'कौन-सी जमीन अपनी' कहानी के प्रमुख पात्रों का चरित्र-चित्रण कीजिए।

★★★